एफ.सी.आर.आई.

# फ्लुइड कंट्रोल रिसर्च इंस्टीट्यूट

**(भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तहत स्वायत्त निकाय)**

कांजीकोड पश्चिम, पालक्काड - 678 623, केरल

**www.fcriindia.com**

## निदेशक
### पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**फ्लुइड कंट्रोल रिसर्च इंस्टीट्यूट एफसीआरआई)**, भारत सरकार, भारी उद्योग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान और विकास संस्थान है, जो 1989 में राष्ट्र को समर्पित किया गया था. संस्थान का मुख्य उद्देश्य परीक्षण/अंशांकन, अनुसंधान और विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रवाह उत्पाद निर्माताओं और उपयोगकर्ताओं को तकनीकी सेवाओं का विस्तार करना है.

**I. जॉब प्रोफाइलः**

शासी परिषद द्वारा सशक्त निदेशक इस संस्थान का मुख्य कार्यकारी अधिकारी है जो दिन-प्रतिदिन की तकनीकी और प्रशासनिक गतिविधियों के प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के निर्माण, विकास और कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है.

**II. शैक्षणिक योग्यता**

**अनिवार्यः** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग की किसी भी शाखा में स्नातकोत्तर.

**वांछनीयः** किसी भी इंजीनियरिंग विधा में विद्या वाचस्पति (पी.एचडी.) या प्रबंधन विज्ञान में स्नातकोत्तर.

**III. अनुभव**

**अनिवार्यः** किसी भी उद्योग या संस्थान या संगठन में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें से पिछले 5 वर्ष का अनुभव वरिष्ठ प्रबंधन स्तर का होना चाहिए. तकनीकी और प्रशासनिक मामलों, वित्तीय नियंत्रण और मानव संसाधन प्रबंधन के निपटान से संबंधित अनुभव.

**वांछनीयः** द्रव प्रवाह कार्यक्षेत्र में पांच वर्ष का अनुभव.

**IV. आयु सीमा**

**अधिकतम आयु** : बाहरी उम्मीदवारों के लिए 55 वर्ष और आंतरिक उम्मीदवारों के लिए 58 वर्ष.

**नियत तिथिः** पात्रता तय करने की नियत तिथि आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी.

**V. वेतन और भत्ते**

सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के **वेतन स्तर 14 (रुपये 1,44,200 - 2,18,200)** और भत्ते स्वीकार्य होंगे.

**VI. भर्ती की विधि**

i. भर्ती का तरीका 'चयन' है. इस पद के लिए उम्मीदवार का चयन समय-समय पर संशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.08.2022 के कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में गठित एक खोज सह चयन समिति द्वारा किया जाएगा.

ii. पद पर नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति के अनुमोदन से 5 वर्ष की अवधि या सेवानिवृत्ति की तारीख तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी. इसके अलावा, समय-समय पर संशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.08.2022 के कार्यालय ज्ञापन संदर्भ में कार्यकाल 5 वर्ष तक या सेवानिवृत्ति की तारीख तक, जो भी पहले हो.

iii. केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों, रक्षा/स्वायत्त अनुसंधान संस्थानों के अधिकारी जो सदृश/समतुल्य पद धारण करते हों या वेतन स्तर 13ए के पद पर 2 वर्ष की नियमित सेवा या वेतन स्तर 13 के पद पर 3 वर्ष की नियमित सेवा रखते हों, पात्र होंगे.

iv. संघ के सशस्त्र बलों और अखिल भारतीय सेवाओं सहित केंद्र सरकार के अधिकारी और सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों, रक्षा/स्वायत्त अनुसंधान संस्थानों के अधिकारी केवल 5 वर्ष के कार्यकाल के लिए या सेवानिवृत्ति की तारीख तक, जो भी पहले हो, तत्काल आमेलन के आधार पर विचार के लिए पात्र होंगे.

**VII. आवेदन करने के लिएः**

निदेशक, एफसीआरआई के पद के लिए आवेदन प्रपत्र भारी उद्योग मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और एफसीआरआई की वेबसाइटों पर उपलब्ध है. **आवेदन की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 4 (चार) सप्ताह है.**

सभी आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुए आवेदन या तो **inderjeet.singh15@nic.in / yatin.89@gov.in** ई-मेल से या भौतिक प्रति निम्नलिखित पते पर सीलबंद लिफाफे में **"निदेशक के पद हेतुः एफसीआरआई"** चिह्नित करके, **अंतिम तिथि 09 जुलाई 2025 17:30 बजे तक** भेजें:

श्री इंद्र जीत सिंह, अवर सचिव
भारी उद्योग मंत्रालय
**कक्ष सं. 61, उद्योग भवन**
**रफी मार्ग, नई दिल्ली 110 011**

समापन तिथि को **17:30 बजे के बाद** प्राप्त आवेदन/अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे.

सरकारी अधिकारी (केंद्र/राज्य), जिनमें सशस्त्र सेना, अखिल भारतीय सेवाएं, सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम और रक्षा/स्वायत्त अनुसंधान संस्थान शामिल हैं, को अपने आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करने चाहिए. यदि आवेदक द्वारा निर्धारित तिथि और समय से पहले विधिवत भरे गए आवेदन की अग्रिम प्रति सीधे भेजी जाती है, तो आवेदक यह सुनिश्चित करें कि उसका आवेदन उचित माध्यम से सतर्कता स्थिति और पिछले 10 वर्षों की एपीएआर/एसीआर ग्रेडिंग के साथ अंतिम तिथि के **3 सप्ताह के भीतर** पहुंच जाएं.

**EN 10/20**